## खबर संक्षेप

### कर्मचारी ने प्लांट के शौचालय में लगाई फांसी



**शहडोल।** ओरियंट पेपर मिल, कागज कारखाने में कार्यरत स्थाई श्रमिक राजेश तिवारी ने अज्ञात कारणों से प्लांट के अंदर स्थिति शौचालय में फांसी लगा ली है, घटना मंगलवार को घटी है, सूचना के बाद अमलाई पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस की मौजूदगी में शौचालय का दरवाजा खुलवाया गया, मिल प्रबंधन की ओर से यह बताया गया कि स्थाई कर्मचारी संभवतः कैंसर की बीमारी से पीड़ित था और संभवतः इसी परेशानी से उसने आत्मघाती कदम उठाया है। घटना स्थल के छायाचित्र सोशल मीडिया में सामने आये हैं, जिसके बाद मृतक के फांसी के फंदे में झूलने के दौरान फंदे की स्थिति और घुटने के बल लगभग बैठने की मुद्रा को लेकर यह चर्चाएं हो रही है कि मृतक ने फांसी लगाई या फिर मामला कुछ और है।

### आयुक्त एवं कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा



**उमरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जिले में भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद नौरोजाबाद में आयोजित कार्यक्रम स्थल का आयुक्त श्रीमती सुरभी गुप्ता , कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने व्यवस्था से जुड़े विभिन्न अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया। आयुक्त ने हेलीपैड, स्व. प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के अनावरण स्थल तथा कार्यक्रम स्थल में व्हीआईपी के आने जाने की व्यवस्था, प्रदर्शनी स्थल का अवलोकन, कार्यक्रम स्थल का अवलोकन, मंच, ग्रीन हाउस सहित पार्किंग, कार्यक्रम स्थल पर आम जन के पहुंचने का मार्ग, बैरीकेटिंग आदि का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए । इस अवसर पर जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन रोकने की गई कार्यवाही



**शहडोल।** सहायक खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिए टोल प्लाजा (बुढार रोड) के पास वाहन (ट्रेक्टर) क्रमांक एमपी 18 एबी 7726 में खनिज रेत का परिवहन करते पकडक़र थाना सोहागपुर में खड़ा किया गया एवं ग्राम खरला तहसील जैतपुर के कसेड़ नाला में वाहन (ट्रेक्टर) क्रमांक एमपी 18 एबी 7840 में खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर (थाना दूर होने से) ग्राम अमलाई में राकेश सिंह चंदेल के क्रेशर पर सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया। इस प्रकार कुल 02 वाहनों को जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जिसमें खनिज नियमों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस ने बंद खदान के अवैध गोप को कराया बंद




**शहडोल।** जिले के अमलाई पुलिस ने 18 फरवरी को मुखबिर सूचना पर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बटुरा में पूर्व में बंद कराये गए कोयला खदान में कोयले की चोरी करने के लिये बनाये गए अवैध सुरंग एवं गोप को जेसीबी मशीन की सहायता से बंद कराया गया। अमलाई पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कई गोफ को पूर्व में भी बंद कराया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना अमलाई पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### प्रभार छूटते ही चाबी लेकर फरार हो गया प्राचार्य

# स्कूल में परीक्षाओं के कारण भारी परेशानी, कार्रवाई की मांग

शहडोल

शासकीय कर्मचारियों के संलग्नीकरण के मामले में शासन द्वारा गंभीरता बरते जाने और संलग्नीकरण प्रक्रिया को समाप्त करने संबंधी स्पष्ट आदेशों के बावजूद कहीं-कहीं कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा जानबूझकर अवांछित स्थितियां उत्पन्न की जा रहीं हैं। जिससे शासकीय प्रक्रियाओं में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिले में कई ऐसे मामले खासतौर पर शिक्षक वर्ग और स्कूलों में दिखाई पड़ रहा है। वरिष्ठ कार्यालयों से लेकर हाईकोर्ट तक से फरियाद की जा रही है और फिर आदेश पर आदेश होते रहते हैं। सोहागपुर विकासखण्ड अंतर्गत संचालित शासकीय हाई स्कूल जोधपुर का भी एक ऐसा ही मामला जानकारी में आया है। जहां पर पदस्थ प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार श्रीवास्तव को



उनके मूल पद स्थापना स्थल के लिए कार्यमुक्त कर एक अन्य वरिष्ठ शिक्षक अरुण कुमार मिश्रा को प्रभार दिलाया गया था। बताया गया कि अब दोनो स्कूलों का काम-काज प्रभावित है। प्रभार छूटते ही आल्मारी की चाभियां लेकर फरार हो गया जबकि बच्चों की वार्षिक परीक्षाओं का समय चल रहा है।

#### संलग्नीकरण मिला तो कार्रवाई होगी

आयुक्त जनजातिय कार्य मप्र भोपाल ने 10 दिसंबर 2024 को एक आदेश जारी कर स्पष्ट किया था कि मप्र शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के स्पष्ट निर्देश हैं कि संभाग या जिला स्तर पर कर्मचारी, अधिकारी, शिक्षक वर्ग का संलग्नीकरण नहीं किया जाए। इसी प्रकार प्रतिबंधित अवधि में बिना सक्षम अनुमोदन के स्थानांतरण नहीं किए जाएं। परंतु संज्ञान में आया है कि विभागीय अधिकारी, संभागीय उपायुक्त, सहायक आयुक्त, जिला संयोजक, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास द्वारा अपने स्तर पर संलग्नीकरण व स्थानांतरण किए गए हैं, जो कि नियमानुसार नहीं हैं। अतः उपरोक्त समस्त संलग्नीकरण स्थानांतरण तत्काल समाप्त अथवा निरस्त कर संलग्न प्रारूप में 16 दिसंबर 24 तक प्रमाण पत्र उपलब्ध करएं। प्रमाण पत्र प्रेषित करने के उपरांत अगर कहीं कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

#### जोधपुर स्कूल में मची हलचल

जब आयुक्त के इस आदेश के अनुरूप संभागीय उपायुक्त ने आदेश जारी किए तो जोधपुर शासकीय हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य राकेश श्रीवास्तव को हटाकर उनके मूल पदांकित स्थान शाउमा विद्यालय गोडारू विकासखण्ड गोहपारू के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया। और अरुण कुमार मिश्रा को प्रभारी प्राचार्य का प्रभार दिला दिया गया। इससे क्षुब्ध होकर राकेश कुमार ने हाईकोर्ट में मप्र शासन व अन्य के विरुद्ध रिट दायर कर दी थी। जिसमें हाईकोर्ट ने भी 7 जनवरी 2025 की स्थिति को यथावत बनाए रखने संबंधी निर्देश दिए थे। इसके बाद स्थिति और भी स्पष्ट हो गई है। इस मामले में सारी स्थितियां स्पष्ट होने के बाद भी हाई स्कूल जोधपुर का मामला विवादों में घसीटा जा रहा है। इस संबंध में जोधपुर प्राचार्य ने संभागीय उपायुक्त को भी पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया है।

#### ताला चाभी व रिकार्ड नहीं दे रहे

जिस दिन से राकेश कुमार को पद के प्रभार से मुक्त किया गया है वे उस दिन से वे स्कूल के समस्त रिकार्ड आलमारियों में ताला बंद कर चाभी अपने पास रखकर गायब हो गए हैं। जिससे विद्यालय संचालन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। दिनांक 5 फरवरी से कक्षा 9 वीं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकीं हैं। ऐसी परिस्थिति में माध्यमिक शिक्षा मंडल हाई स्कूल की परीक्षा संपन्न कराने में भारी असुविधा होगी। प्राचार्य ने संभागीय उपायुक्त से मांग की है कि संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध यथोचित कार्रवाई करते हुए विद्यालय के आलमारी की चाभी एवं प्रभार दिलाया जाय, ताकि परीक्षाएं संपन्न कराई जा सकें। माना जाता है कि राकेश श्रीवास्तव प्राचार्य जैसे पद पर कार्य करने के बावजूद बच्चों के हित की अनदेखी कर रहे हैं। विद्यालय हित में यही होगा कि उनसे कड़ाई से बर्ताव करते हुए विद्यालय का गतिरोध दूर किया जाए।

# कार्यालय व्यवस्था के नाम पर 11 लाख का हुआ भुगतान

### 4 माह में भी शुरू नहीं हुई भ्रष्टाचार की जांच

### प्रतिनियुक्ति पर वर्षों से जमा बीएसी, शिकायत कर की जांच की मांग

**शहडोल।** उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पांडे की उपस्थिति में कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई। उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पांडे ने जनसुनवाई में शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने भी लोगों की समस्याएं सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए। जनसुनवाई में एक ऐसा मामला सामने आया जिसमें पता चला कि सरपंच सचिव के लाखों के भ्रष्टाचार के मामले में सीईओ जिला पंचायत ने जांच के निर्देश दिए गए जांच टीम



गठित हुई फिर भी चार महीने से जांच नहीं हो रही है।

#### 13 साल से जमे हैं

जनसुनवाई में घनश्याम कुमार शर्मा निवासी रावल मार्केट ओपीएम अमलाई ने आवेदन देकर बताया कि जनपद शिक्षा केंद्र बुढ़ार में मनोज शुक्ला मूल पद माध्यमिक शिक्षक वर्तमान में फरवरी 2012 में 13 वर्षों से लगातार प्रतिनियुक्ति पर बीएसी के पद पर कार्यरत हैं। जबकि नियमानुसार कोई भी कर्मचारी 4 वर्ष तक ही प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर सकते हैं। उनका कहना था कि मनोज शुक्ला की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हे उनके मूल पद पर पदस्थ कराया जाए। जिस पर उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पांडे ने संयुक्त संचालक शिक्षा की ओर आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

#### भ्रष्टाचार की नहीं हो रही जांच

मोहनदास चौधरी निवासी ग्राम पोस्ट लतार जिला अनूपपुर ने आवेदन देकर बताया कि ग्राम पंचायत लतार के सचिव शारदा पाण्डेय एवं सरपंच कुन्ती बाई के द्वारा कार्यालय व्यवस्था के नाम पर जैसे समोसा, चाय, नास्ता, बूंदी, फोटोकापी, फर्नीचर इत्यादि के नाम पर 11 लाख रूपये के लगभग फर्जी भुगतान एवं भ्रष्टाचार की शिकायत हुई थी एवं साथ ही साथ हायर सेकेण्ड्री स्कूल के पास के नाम पर बनने वाले समुदायिक शौचालय के नाम पर फर्जी भुगतान बिना निर्माण कार्य कराये किये जाने की शिकायत पर जिला पंचायत अनूपपुर के द्वारा जांच टीम 15 अक्टूबर 2024 को आदेश क्रमांक 2448 के तहत गठित की गई, लेकिन इसके बावजूद आज तक जांच नहीं की गयी। उनका कहना था कि उक्त मामले की जांच करवाई जाए। जिस पर उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पांडे ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

#### अनुग्रह राशि नहीं मिल रही

जनसुनवाई में लल्लाराम कुशवाहा निवासी ग्राम पहडिय़ा टोला देवरी निवासी ने बताया कि 12 दिसम्बर 2024 को श्रीमती रामलली कुशवाहा की मृत्यु हो गई थी। मै मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल 2 योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि हेतु आवेदन किया गया था। किन्तु अभी तक अनुग्रह सहायता राशि नही मिली। उनका कहना था कि मुझे मुख्यमंत्री जन कल्याण संबंल-2 योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि दिलाई जाए। जिस पर उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पांडे ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयसिंहनगर को अनुग्रह राशि दिलाए जाने हेतु पत्र प्रेषित किया। इसी प्रकार उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पांडे ने जनसुनवाई में आए अन्य लोगों की भी समस्याएं एवं शिकायते सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# कोल माफियाओं के खिलाफ कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व मे जिला कांग्रेस ने अवैध कोयला उत्खनन स्थल की खनिज विभाग द्वारा जांच कराकर बंद किये जाने एवं कोल माफियाओं को चिन्हित कर प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए मृत परिवार को उचित मुआवजा उपलब्ध कराए जाने के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस द्वारा ज्ञापन मे कहा गया कि पूरे जिले में आए दिन अवैध कार्यों से संबंधित बनाएँ घटित हो रही है, जिसके परिपेक्ष्य में पूर्व में भी विभिन्न घटनाओं के संबंध में जिला-कांग्रेस द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी, किन्तु किसी भी प्रकरण को न तो ध्यानपूर्वक संज्ञान में लिया गया न ही शासन-प्रशासन कि ओर से कोई ठोस कदम उठाए गए। जिसका परिणाम है कि रेत माफिया, कोल माफिया, दारु के अन्यत्र ठिकाने बढ़ते चले जा रहे हैं, उनका आत्मविश्वास इतना बढ़ गया कि हाल ही में जिले के समीप ग्राम धनगवां में कोल माफियाओं द्वारा कराए जा रहे अवैध उत्खनन में अवैध खदान के दबने से पति-पत्नी की स्थल पर ही मौत हो गई। कांग्रेस ने कहा कि अवैध कोयला उत्पन्न स्थल जांच कमेटी गठित कर खनिज विभाग द्वारा जांच कराकर तत्काल बंद कराया जाय साथ ही कोल माफियाओं को चिन्हित कर अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए मृत परिवार को उचित मुआवजा शासन-प्रसाशन द्वारा उपलब्ध कराया जाए । ज्ञापन सौंपते समय मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, प्रदेश सचिव अजय अवस्थी,पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, एन एस यू आई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, शोसल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, वरिष्ठ कांग्रेसी सुनील खरे, अजय उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन का क्षेत्रीय सम्मेलन हुआ



शहडोल

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा 16 फरवरी को नरसिंहपुर जिले के सूरजकुंड मां नर्मदा के तट पर वरमान में आयोजित हुए क्षेत्रीय सम्मेलन में ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव मोहन शर्मा ने बिजली कर्मचारियों पर भविष्य में आने वाले संकट से चेताया महासचिव श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर लाखों कर्मचारियों का भविष्य चौपट होने वाला है, इसके कारण मीटर रीडिंग लेने वाले एवं बिल बनाने वाले सभी कर्मचारी बाहर हो जाएंगे । दूसरे बिजली उद्योग के निजीकरण को लेकर सारे देश में बिजली कामगार, उपभोक्ताओं पर भारी विपत्ति आने वाली है, बिजली के रेट में बेतहाशा बढ़ोतरी होगी । महासचिव श्री शर्मा ने आगामी 23 फरवरी 2025 को पूरे देश के सभी कर्मचारी / इंजीनियर की बैठक नागपुर में बुलाई है, जिसमें बड़े पैमाने पर मांगों को लेकर निर्णय लेने वाले हैं। इसमें बिजली उपभोक्ताओं और किसानों का भी यूनियन को समर्थन प्राप्त है। सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष राम कुमार पटेल ,संयोजक एम.एल.चौकसे ,प्रवक्ता मोहन अग्रवाल ,पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कर्मचारी जनता यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष के.डी.द्विवेदी एवं म. प्र. जेनरेटिंग कंपनी कर्मचारी जनता यूनियन के महासचिव के.एल.चंदेल ने भी सभा को संबोधित किया । सभा में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कर्मचारी जनता यूनियन के प्रांतीय सचिव एस.के.तिवारी एवं शहडोल जिला शाखा अध्यक्ष उमेश कुमार कचेर तथा रामायण शर्मा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए सैकड़ो की तादाद में कर्मचारी साथी एवं पेंशनर्स उपस्थित रहे । मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कर्मचारी जनता यूनियन के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष ओ.पी.सोनी ने सभी के प्रति आभार जताया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का नहीं मिला लाभ



शहडोल।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई में अलीमा बेगम पति आदिल खान निवासी धनपुरी जिला शहडोल ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि उनकी पुत्री रिफत परवीन को हार्ट की बीमारी है। उन्होनें बताया कि उनकी पुत्री हार्ट की बीमारी होने के कारण काफी तकलीफ में हैं तथा उसका उचित इलाज कराने में वो असमर्थ हैं। उनका कहना था कि उनकी पुत्री का हार्ट के इलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाए, जिससे वह अपनी पुत्री का उचित इलाज करा सकें। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित कर उचित कार्यवाही करने के निर्दश दिए।

जिले के सोहागपुर निवासी मानवती वंशकार पति राम स्वयंबर वंशकार ने आवेदन देकर बताया कि वे जिले के सोहागपुर वार्ड नंबर 12/9 पुराना बस स्टैंड की निवासी हैं। उन्होंने बताया कि वे शासन के मापदण्डों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता में आते हैं, लेकिन अभी तक उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। उनका कहना था कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई में राजस्व से संबंधित,सीएम किसान, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनके निराकरण हेतु कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

# पंचायत भवन में घुसकर रोजगार सहायक को पीटा

### पुलिस ने तीन लोगों के विरूद्ध दर्ज किया अपराध

शहडोल

जिले के बुढ़ार जनपद की ग्राम पंचायत केशवाही के अंदर घुसकर रोजगार सहायक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले पर तीन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर अपनी पड़ताल शुरू कर दी है। विवाद जमीन में स्टे लगाने को लेकर हुआ है। खबर है कि रोजगार सहायक शैलेंद्र तिवारी पंचायत भवन में बैठकर अपना कार्य कर रहे थे, तभी गांव के रहने वाले अब्दुल सलीम, अब्दुल हमीद और मोहम्मद फारूक पंचायत भवन पहुंच गए और रोजगार सहायक से कहने लगे कि तुमने हमारे जमीन पर स्टे लगवा दिया है। रोजगार सहायक ने आरोपियों से कहा कि मुझसे कोई लेना-देना नहीं है। इसी बात को लेकर विवाद हो गया और तीनों लोगों ने पंचायत भवन के अंदर घुसकर केशवाही के रोजगार सहायक शैलेंद्र तिवारी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर



डाली। शोर सुन लोगों की भीड़ इक_ा हो गई, कुछ लोगों ने इस घटना का वीडियो भी बना लिया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। घटना के समय मौके पर लोगों की काफी भीड़ इक_ा हो गई और लोगों ने बीच बचाव करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी मानने को तैयार नहीं थे और उन्होंने सरकारी कर्मचारियों के साथ ड्यूटी के दौरान इस घटना को अंजाम दिया है।

#### इनका कहना है...

रोजगार सहायक शैलेंद्र तिवारी ने शिकायत दर्ज करवाई है। बताया कि उनके साथ पंचायत भवन के अंदर घुसकर मारपीट की गई एवं शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। पंचायत भवन के अंदर रखे कंप्यूटर, प्रिंटर को आरोपियों ने तोड़ दिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**आशीष झारिया**
चौकी प्रभारी, केशवाही

# अवैध खनिज रेत परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही

**शहडोल।** जिले के देवलोंद थाना क्षेत्रांतर्गत 17 फरवरी को मुखबिर सूचना मिली कि सोन नदी झिरिया घाट से एक ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत लोड कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर देवलोंद पुलिस द्वारा नवघटा सुखाड़ पुल पहुंचे जहां उक्त ट्रैक्टर मय रेत लोड आते दिखा। जिसे रोककर पूछताछ किया गया। पूछताछ में ट्रैक्टर चालक ने अपना नाम सुनील कुमार कोरी पिता बृजभान प्रसाद कोरी उम्र 19 वर्ष निवासी परौहन टोला का होना बताया। पुलिस द्वारा चालक से उक्त वाहन एवं लोड रेत के संबंध में दस्तावेज मांगने पर उसने कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया। जिससे देवलोंद पुलिस द्वारा उक्त वाहन को मय रेत लोड जप्त कर चालक सुनील कोरी एवं वाहन मालिक विकाश उर्फ कन्हैया बैस निवासी शहडोल के विरूद्ध बी.एन.एस., वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, भारतीय वन अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## अपर कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें



**उमरिया।** अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, अंबिकेश प्रताप सिंह, हरनीत कौर कलसी ने जिले के दूर दराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसका निराकरण कराया। जनसुनवाई में हरवंश कुशवाहा बिजौरी ग्राम ने प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माण में गांव के लोगों व्दारा बाधा डालनें, मुल्ली बाई कौडिया ने रसोइया पद से हटाने, मुरलीधर सोनी हर्रवाह ने आराजी का पट्टा दिलाने, गोरे लाल बैगा ग्राम बिजौरा ने हैंडपंप की मरम्मत कराने, रतिया कचेर वार्ड नंबर 6 ने सैप्टिक टैंक से कब्जा हटाने, तुलसा बाई छांदाखुर्द ने भूमि विक्रय पर प्रतिबंध हटाने, रघुनाथ सिंह ममान ने समान जलने पर सहायता दिलाने, रामचरण सिंह बिरहुलिया ने संबल कार्ड मृत्यु पश्चात संबल योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन दिया।

## बांधवगढ़ में तीन दिवसीय गिद्ध गणना शुरू

### फेस 4 की गणना के तहत लगाए जा रहे ट्रैप कैमरे



**उमरिया।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में फेस 4 की वन्य जीव गणना के साथ साथ सोमवार 17 फरवरी से गिद्ध गणना का कार्य शुरू किया गया है। गणना का काम सुबह छह बजे से अधिकतम नौ बजे तक किया जा रहा है। गिद्ध गणना 17 फरवरी से 19 फरवरी तक की जाएगी। टाइगर रिजर्व में गिद्ध गणना के लिए पार्क प्रबंधन द्वारा एकं सप्ताह पूर्व ही अधिकारियों एवं वन कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है जिसके बाद सभी वन अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समयावधि में अपना गणना प्रतिवेदन विभाग को सौंपेगे।पार्क के संयुक्त संचालक पीके वर्मा ने बताया है कि बीते वर्ष 2024 में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गिद्धों की संख्या 300 पाई गई थी 2025 की गणना में यह संख्या और बढने के अनुमान है।बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ सहित अन्य वन्य जीवों की फेस-4 की गणना की शुरुआत की गई है,इसमें टाइगर रिजर्व के 9 परिक्षेत्रों में ट्रैप कैमरे लगाये जा रहे हैं और गणना के बाद आँकड़ों को एकत्रित कर वाइल्ड-लाइफ इंस्टीट्यूट देहरादून भेजा जायेगा। टाइगर रिजर्व में वन्य जीव गणना के लिए पूरे जंगल को दो भागों में बांटा गया है,। पहले चरण में चार वन परिक्षेत्रों वाले भाग में 650 ट्रैप कैमरे लगाए जाने का काम पूरा किया जा चुका है और दूसरे ब्लॉक में कैमरे लगाए जाने का काम 15 मार्च तक कर लिया जाएगा,और फिर कैमरे में दर्ज फोटो के आधार पर वन्य जीवों की गणना के आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे।

### कार्यवाही न होने से भ्रष्टाचार को मिल रहा बढ़ावा

# ग्राम के विकास के लिए ग्रहण बने नौकरशाह

### ग्राम पंचायत खिचकिड़ी में हुए कार्यों की जांच की मांग

**केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई सरकार ने आते ही भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति को अपनाया था, इसके लिए सरकार ने सतत प्रयास किए, लेकिन बिरसिंहपुर पाली जनपद की ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार अंकुश लगाना दिव्यस्वप्र हो चुका है, ग्राम पंचायतों के विकास के लिए आनी वाली राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है, जिसे भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह मौन साधे हुए हैं।**

उमरिया






जिला पंचायत के मुखिया की कार्यशैली से पूरा प्रशासनिक तंत्र हिला हुआ है, बीते माहों में आरोपों से घिरे तमाम सचिवों को पंचायत का प्रभार सौंप दिया गया, एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपी आज भी कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, न तो उन्हें हटाया गया, न ही निलंबन की कार्यवाही हुई, इसी कड़ी में बीते वर्षो में ग्राम पंचायत खिचकिड़ी में एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट लगाई गई, लेकिन शासन द्वारा गांव के विकास के लिए भेजी गई राशि में जिम्मेदारों सेंध लगा दी, ग्राम पंचायत खिचकिड़ी में बीते वर्षो में जितने भी निर्माण कार्य हुए है, अगर उनकी गहनता से जांच की जाये तो, पंचायत के विकास के लिए आने वाली राशि का खुलकर बंदरबांट हुआ है, यह सामने आ सकता है।

### मास्टर माइंड का पूरा खेल

ग्राम पंचायत खिचकिड़ी का विकास कितना हुआ, यह जिम्मेदारों के जाने के बाद ही पता चल सकता है, एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए पांचवे वित्त मद से 10 लाख रुपए उपलब्ध कराए थे। 16 अगस्त 2023 को ग्राम पटपरिहा में स्वीकृत हुआ, वर्तमान में अगर जा कर देखा जाये तो, लाईट गायब है, सचिव ने जनपद के मुखिया को बता दिया कि लाईट चोरी नहीं हुई, सरपंच मीडिया में बयान दे रही है कि 15 लाईट चोरी हो गई, हालाकि चोरी की रिपोर्ट सरपंच-सचिव ने दर्ज नहीं कराई, बीते सप्ताहों में जनपद के मुखिया ने मामले को संज्ञान में लेकर सचिव को नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा था, लगभग 01 माह बीत चुके हैं, लेकिन सचिव का जवाब साहब तक नहीं पहुंच सका, चर्चा है कि ग्राम पंचायत खिचकिड़ी में फैले भ्रष्टाचार के लिए पूर्ण रूप से सचिव जिम्मेदार हैं।

### एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट की गुणवत्ता की जांच जरूरी

ग्राम पंचायत खिचकिड़ी में 10 लाख की लागत से कितनी लाईट लगी, इसका उल्लेख पंचायत में कहीं नहीं है, जानकारों की माने तो सचिव ने वेण्डर से मोटा कमीशन लेकर घटिया स्ट्रीट लाईट पंचायत को भेंट कर दी, हालाकि कहा जा रहा है कि लाईट चोरी हो गई, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि लाईट लगाई ही नहीं गई, पूरे खेल कमीशन में निपटा दिया गया। अगर खिचकिड़ी में लगी एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट की गुणवत्ता की जांच हो जाये और खरीदी से पूर्व प्रकाशित की गई निविदा की जांच वरिष्ठ अधिकारी कर ले तो, भ्रष्टाचार का पुलिंदा खुद-ब-खुद सामने आ सकता है।

### भ्रष्टाचारियों ने कर दिया कुंद

ग्राम पंचायत खिचकिड़ी का सचिव के दूषित, भ्रष्ट और बेईमान होने की चर्चा अब आम हो चली है, भ्रष्टाचार मिटाने की सरकारी मुहिम की जिस धार को भ्रष्टाचारियों ने कुंद कर रखा है, उसे तकनीक ही पैनी कर सकती है। जिला पंचायत के वातानुकूलित कक्षों में बैठकर भ्रष्ट कर्मचारियों को बढ़ावा देना बड़ा आसान है, लेकिन एलईडी स्ट्रीट लाईट का मामला जल्द ही मुखिया तक पहुंचेगा, साथ ही जागरूक लोगों का कहना है कि जिला पंचायत के मुखिया द्वारा नियम विरूद्ध सचिवों को दिये गये प्रभार के मामले में भी बात की जायेगी। कुल मिलाकर भ्रष्ट कर्मचारियों को बचाने के खेल में माहिर जिला पंचायत के जिम्मेदार कब तक शासन के कोष में सेंध लगाते रहेंगे, यह जांच का विषय है।

### दलाल चला रहे कार्यालय

सरकार द्वारा ग्राम पंचायत के विकास के लिए खजाने का द्वार खोल दिया गया है, लेकिन बीते वर्षो में जितना विकास पंचायतों का होना था, उतना नहीं हुआ, हालाकि इस दौरान सचिव-दलाल सहित वेण्डरों का खूब विकास हुआ है, शासन द्वारा विकास के लिए भेजी जाने वाली राशि में सेंध लगाकर सचिव अपना पेट भरने पर आमाद है। चर्चा है कि जिला पंचायत में पदस्थ कर्मचारी बनाम दलाल साहब को गुमराह कर उनकी साख पर मिट्टी डालने में आमादा है। ग्राम पंचायत खिचकिड़ी की अगर जांच हो जाये तो, भ्रष्ट तंत्र से पर्दा उठ सकता है।

## मोदी सरकार की कुशल नीतियों व वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है यह बजटः जायसवाल

### सर्वस्पर्शी सर्व समावेशी व सर्वव्यापी है यह बजटः श्रीमती चपरा

### केन्द्रीय बजट पर प्रबुद्धजन संगोष्ठी का भाजपा जिला कार्यालय में हुआ आयोजन

**शहडोल।** जिला भाजपा कार्यालय में केन्द्रीय बजट पर आधारित प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम की शुरुआत में मंचासीन अतिथियों द्वारा पार्टी की परंपरा अनुसार माँ भारती एवं भाजपा के पित पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर प्रबुद्धजन संगोष्ठी कार्यक्रम की शुरुआत की गई संगोष्ठी कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में मध्य प्रदेश शासन के लघु एवं कुटीर उद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा की अध्यक्षता व जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश जगवानी, प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक राजेश्वर उदानिया, सुशील सिंघल, महामंत्री संतोष लोहानी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एवं बजट 2025 -26 के जिला टोली के संयोजक मनोज गुप्ता, सहसंयोजक जयप्रकाश गुप्ता मंच पर उपस्थित रहे।



जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री मोदी की सोच सबका साथ सबका विकास को प्रदर्शित करती है। यह बजट समाज के हर वर्ग के लिए सर्वस्पर्शी सर्व समावेशी व सर्वव्यापी है। भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसी दल है जो जनता के बीच जाकर इस प्रकार के कार्यक्रम करती है। इन कार्यक्रमों से हमें आत्ममूल्यांकन का अवसर प्राप्त होता है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बजट सरकार के वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है। 2014 के दौरान केन्द्रीय बजट 23 लाख करोड का हुआ करता था अब 2025 में 50 लाख करोड़ के आस-पास हो चुका है, जो मोदी सरकार की कुशल नीतियों व वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है। एक ओर जहां कांग्रेस सरकारों का वित्तीय कुप्रबंधन रहा जिसके कारण देश में बड़े बड़े घोटाले व भ्रष्टाचार हुए जिसके कारण देश का मान और सम्पूर्ण विश्व धूमिल हुआ, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जब से केन्द्र सरकार बनी है, तब से वित्तीय प्रबंधन के चलते देश की विकास दर लगातार बढ़ रही है और विकास के सभी कार्य जन जन तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहे है, पहले के समय दिल्ली से 1 रूपये चलता तो 90 पैसे घोटाले की भेंट चढ़ जाते थे और 10 पैसा हितग्राही तक पहुंचता था। प्रधानमंत्री की सरकार बनने के बाद उन्होंने विश्व की सबसे बड़ी जन धन योजना चालू की, जिसके माध्यम से गरीबों के खाते बैंकों में खोले गये एवं सभी योजनाओं को आधार से लिंक किया गया इसके कारण आज दिल्ली से 1 रूपये चलकर सीधा हितग्राही के खाते में पहुंचता है, इसका उदाहरण किसान सम्मान निधी, प्रधामंत्री आवास निधि, उज्जवला योजना, शौचालय हों, 80 करोड़ लोगों फ्री राशन वितरण, लाड़ली बहना एवं अन्य सभी प्रकार की हितग्राही मूलक योजनाएं है जिनका पैसा एवं हितलाभ आज सीधे हितग्राही के खाते में पहुंच रहा है, जो मोदी सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है। कांग्रेस की सरकार में ढूढने से भी इन्द्रा आवास व अन्य योजनाएं धरातल पर दिखाई नहीं देती थीं वरन आज के समय में हर ग्राम में कम से कम 300 से 500 तक प्रधानमंत्री पक्के आवास दिखाई देते हैं, यह सरकार की नीति एवं दृढ़ इच्छा संकल्प को दर्शाती है। पहले के बजट के समय मध्यम वर्ग को कर में मामूली राहत देकर सरकारें वाह वाही लूटा करती थी, मगर जब से प्रधानमंत्री मोदी की सरकार बनी है तब से अब तक मध्यम वर्ग व नौकरी पेशा को राहत दी जा रही है। इस बजट में कर की सीमा को 12 लाख रूपये तक बढ़ाकर इस वर्ग को अत्याधिक राहत देने का कार्य मोदी जी द्वारा किया गया है।

भाजपा जिला कोषाध्यक्ष जिला बजट टोली के संयोजक मनोज गुप्ता ने कहा कि मोदी जी की सरकार का लक्ष्य समाज में वित्तीय असमानता को समाप्त करना है जिसमें अंतर्गत उच्च वर्ग से कर संग्रह कर निम्न वर्ग में योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कर समाज की मुख्य धारा में लाना है। मोदी सरकार की इन्ही योजनाओं के कारण 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा के बाहर आये हैं। इस हेतु मोदी जी की सरहना सम्पूर्ण विश्व द्वारा की जा रही है।

प्रबुद्धजन संगोष्ठी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने बताया कि प्रबुद्धजन संगोष्ठी कार्यक्रम में सीए श्री सुशील सिंघल ने भी अपना संबोधन दिया एवं बजट को सरल तरीके से लोगों के मध्य रखा व उपस्थित लोगों से विस्तार से चर्चा की कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष एवं बजट 2025 - 26 जिला टोली के संयोजक मनोज गुप्ता एवं आभार सहसंयोजक जयप्रकाश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग एडवोकेट, डॉक्टर, इंजीनियर, पत्रकार, प्रोफेसर, चार्टर अकाउन्टेट, सोशल एक्टीविष्ट, शिक्षक एवं जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## ईकेवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री का किया गया कार्य



**उमरिया।** तहसीलदार वृत्त भरौला दिलीप कुमार सोनी ने बताया कि ग्राम खेरवा खुर्द में पटवारी श्री कुनेंद्र उईके द्वारा 30 ई के वाय सी, 14 ई फार्मर रजिस्ट्री, ग्राम बड़ेरी में पटवारी अमोल सिंह द्वारा 15 ई के वाय सी , 11 ई फार्मर रजिस्ट्री, ग्राम महिमार में पटवारी विपिन मिश्रा द्वारा 18 ई के वाय सी , 15 ई फार्मर रजिस्ट्री, ग्राम कछरवार में पटवारी प्रीति मिश्रा द्वारा 25 ई के वाय सी , 3 फार्मर रजिस्ट्री, ग्राम धनवाही में पटवारी कुनेंद्र द्वारा 4 ई के वाय सी , 3 फार्मर रजिस्ट्री, ग्राम भरौला में पटवारी प्रशांत पाठक द्वारा 48 ई के वाय सी 28 फार्मर रजिस्ट्री, ग्राम घंघरी में पटवारी सरिता सिंह द्वारा 15 ई के वाय सी तथा 11 फार्मर रजिस्ट्री की गई है।

इस प्रकार वृत्त भरौला में कुल 155 ई के वाय सी एवं 85 फार्मर रजिस्ट्री दर्ज की गई। श्री सोनी द्वारा बताया गया की सभी ग्राम पंचायतों में पटवारी,ग्राम सचिव,जी आर एस,जनअभियान परिषद,सी एस सी,ग्रामीण युवाओं के मदद से डोर टू डोर सर्वे/सत्यापन का कार्य किया जा रहा है ।

## आदर्श ग्राम चिरहुला में भूमि ई केवाईसी का किया गया कार्य

**उमरिया।** जिले के विकासखंड करकेली अंतर्गत ग्राम पंचायत कौडिय़ां 63 के आदर्श ग्राम चिरहुला में म.प्र. जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन प्रतिनिधि व परामर्शदाता के द्वारा कैंप लगाकर राजस्व 3.0 अभियान के अंतर्गत भूमि केवाईसी का कार्य किया गया। कैंप में कुल 56 हितग्राहियों से संपर्क किया गया जिसमें 13 आधार केवाईसी की गई। 8 किसान रजिस्ट्रेशन किया गया तथा 33 हितग्राहियों के आधार में मोबाइल नं. अपडेट नहीं होने का कारण पंजीयन नहीं हो पाया। शेष 2 हितग्राहियों के मो.नं. पर ओटीपी प्राप्त नहीं होने के कारण केवाईसी नहीं हो पाई। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रतिनिधि दीपक नामदेव, परामर्शदाता कांति देवी, पटवारी तपस्विनी सिंह, सीएमसीएलडीपी छात्र अजय सिंह, लोकल यूथ नरेंद्र सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## अवैध रेत उत्खनन माफिया के विरूद्ध बिजुरी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही



**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो. इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना बिजुरी अनूपपुर द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। 17 फरवरी को थाना प्रभारी निरी विकास सिंह के नेतृत्व में सहायक उपनिरी प्रदीप अग्निहोत्री, आर. 349 रामनिवास गुर्जर, आर. 304 रवि सिंह, आर. 504 लक्ष्मण डांगी के द्वारा ग्राम छतई में महिन्द्रा कंपनी के लाल रंग के ट्रेक्टर के चालक. के द्वारा केवई नदी छतई घाट से अवैध रुप से रेत का उत्खनन कर रहा है जो मौके पर ट्रेक्टर मय लोड रेत ट्राली जप्त कर थाना बिजुरी जिला अनूपपुर में ट्रेक्टर चालक के विरुद्ध अपराध धारा 303(2), 317 (5) बी.एन.एस.4/21 खान खनिज अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अनसंधान मे लिया गया है।

## भालूमाड़ा पुलिस ने जुआरियों के विरुद्ध की कार्यवाही



**भालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना मिलने पर रजा नर्सरी के पास भालूमाडा में 05 लोगों को 52 ताश के पत्तो पर रुपयो पैसो से हार-जीत का दाव लगाकर जुआं खेलते पकडा गया जिनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 1410 रू जप्त कर उनके विरुद्ध के अप.क्र 69/2025 धारा 13 जुआं एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। पकडे गए आरोपियों में गौरव मिश्रा पिता दिनेश मिश्रा उम्र 23 वर्ष, सूरज यादव पिता महादेव यादव उम्र 25 वर्ष, पुष्पेन्द्र शर्मा पिता स्व. रामकृष्ण शर्मा उम्र 32 वर्ष, आलोक वर्मा पिता अनिल वर्मा उम्र 22 वर्ष, छोटू प्रजापति पिता बरदानी प्रजापति उम्र 20 वर्ष सभी निवासी भालूमाडा थाना भालूमाडा शामिल हैं। आरोपियों को पकडने में थाना प्रभारी भालूमाडा निरी संजय खलको, उप निरी0 राघव बागरी, प्र आर. 64 संतोष यादव, प्र.आर. 68 सुखेन्द्र सिंह, आर. 208 कृपाल सिंह, आर. 579 रविन्द्र मौर्य, आर. 445 अभिषेक चौहान की अहम भूमिका रही।

## आधी रात तक बज रहे हैं डीजे, परीक्षा दे रहे छात्र परेशान

### तेज आवाज में मीना बाजार का हो रहा प्रचार, जिम्मेदार अंजान




**कोतमा।** बोर्ड परीक्षाओं का महाकुंभ आरंभ हो गया है केंद्रीय बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं छात्र दिन रात मेहनत करके अच्छे अंक लाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। छात्रों के इस मेहनत पर पानी फेरने का काम कर रहा है आधी रात तक बजने वाले डीजे एवं पूरा दिन तेज आवाज में मेला का प्रचार कर रहे ऑटो। नगर में बज रहे अनियंत्रित ध्वनि यंत्रों के कारण परीक्षा की तैयारी में खलल डाल रही है। छात्र खासे परेशान हैं। ज्ञात हो कि नगर में परीक्षाओं का दौर चालू हो गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा नौवीं की परीक्षा 9 फरवरी से ली जा रही है वहीं केंद्रीय बोर्ड में हाई सेकेंडरी की परीक्षा भी हो रही है। छात्र साल भर की तैयारी को अंतिम रूप देने में जी जान से जुटे हैं पिछले कुछ दिनों से वैवाहिक कार्यक्रम हो या फिर सामाजिक व धार्मिक आयोजन इनमें आधी रात तक हो रहा डीजे का शोर पढ़ाई को प्रभावित कर रहा हैं। छात्रों का कहना है कि रात में बज रहे तेज डीजे साउंड के कारण पढ़ाई का नुकसान हो रहा है। पिछले कई दिनों से पूरे नगर में बेकाबू ढंग से मेला का प्रचार प्रसार कर रही गाड़ी से सैकड़ों छात्रों की परीक्षा की तैयारी करने में दिक्कत हो रही है। परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के परिजनों ने मेला के प्रचार में लगे वाहन पर कार्यवाही की मांग करने के साथ आधी रात तक बजने वाले डीजे में रोक लगाने की मांग की गई है। विदित रहे की परीक्षा के दौरान तेज ध्वनि विस्तार यंत्रों पर रोक लगाने कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा साउंड उपयोग पर अनुमति अनिवार्य की गई है। रात्रि में इसके उपयोग पर कार्यवाही भी होनी है। लेकिन इस ओर जिम्मेदारों की सख्ती नहीं नजर आ रही है।

**इनका कहना है**

तेज ध्वनि से बजाए जाने पर ऑटो वाहन एवं लाउड स्पीकर एवं डीजे को जप्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

**अजीत तिर्की**
**अनुविभागीय अधिकारी**

## जैतहरी पुलिस ने अवैध रेत उत्खन्न के विरुद्ध की कार्यवही



जैतहरी

मुखबिर सूचना मिली की हंसीया नाला ग्राम अंजनी मे एक ट्रेक्टर का चालक नदी के अन्दर ट्रेक्टर खडा करके म.प्र.शासन का रेता चोरी करके लोड कर रहे है और लेकर निकलने वाला है तब मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे थाना जैतहरी पुलिस के द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर टीम बनाकर उपरोक्त स्थान पर रेड कार्यवाही किया तो हंसीया नाला ग्राम अंजनी मे पुलिस को दूर से ही आते देख चालक मालिक जंगल अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया, तब म.प्र.शासन का रेता चोरी करके उक्त ट्रेक्टर ट्राली मे करीब 02 घन मीटर रेता लोड था मौके से न्यू हालैंड ट्रेक्टर माडल 3230 जो बिना नम्बर का है जिसका इंजन नम्बर एवं चेचिस नम्बर को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप.क्र क्रमशः 68/25 धारा 303(2) बीएनएस, 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही मे पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देशन मे एवं अति0पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी तथा एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन मे थाना जैतहरी के उपनिरी0 विपुल शुक्ला, सउनि रविशंकर गुप्ता, सउनि मणिराज सिंह, चा0 प्रआर0 165 संतोष जयसवाल सिंह, आर 475 मदन लाल पाटिल की सराहनीय भूमिका रही।

## गुमशुदा बालिका को दस्तयाब कर उसके माता पिता को किया सुपुर्द

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अधिक से अधिक गुम इंसान बालक बालिकाओ की दस्तयाबी करने के निर्देश पर थाना बिजुरी पुलिस द्वारा आपरेशन मुस्कान में थाना बिजुरी के अप.क्र १५/२५ धारा १*७(२) २ में गुम बालिका की अपराध कायमी बाद लगातार पता तलाश की गई जो दिनांक 17 फरवरी को गुम सुदा नाबालिग बालिका थाना बिजुरी की पता तलास कर बालिका को पीथमपुर जिला धार से दस्तयाब कर उसके परिजनो को सुपुर्द किया गया। विधिक कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में निरी विकास सिंह, सउनि प्रभाकर पटेल, म.आर. संगम तोमर, आर. प्रभाकर त्रिपाठी, आर. लक्ष्मण डांगी एवं साइबर सेल से राजेंद्र अहिरवार की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह 20 को

**कटनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह /निकाह योजनांतर्गत 20 फरवरी गुरुवार को नगर पालिक निगम कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन होगा। योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी कर सभी अधिकारी कर्मचारियों को पात्र वर वधु के विवाह संपादन हेतु प्रमाण पत्र वितरण,चेक वितरण,टेंट ,फूल-माला,पूजन सामग्री,पर्याप्त बैठक व्यवस्था,पेयजल, भोजन, विशेष साफ-सफाई,चूने की लाइन,मोबाइल टॉयलेट, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण इत्यादि के दायित्व सौंपते हुए सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है।

### शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री जरूरी

**कटनी।** किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य जारी है। इसके बन जाने से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ आसानी से मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री के बनने से किसानों को खरीदी केन्द्रों में पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना सहित सत्यापन में आसानी होगी। किसान भाई वेबसाइट एग्रीस्टैक डॉट जीओभी डॉट इन का प्रयोग कर फार्मर रजिस्ट्री बना सकते हैं। इसके अलावा गिरदावरी के लिए चिन्हित किए गए स्थानीय युवा, पटवारी एवं सीएससी केन्द्रों में भी फार्मर रजिस्ट्री बनवाई जा सकती है। फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर विशेष पहल की जारी है। सभी किसान पटवारियों से भी संपर्क कर फार्मर आईडी तथा आधार आरओआर का कार्य करवा सकते हैं। जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बन पाएगी वे आगामी पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त से वंचित हो सकते हैं। फार्मर आईडी के बिना उपार्जन के लिए पंजीयन, फसल बीमा एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा।

### बिगड़े और खराब ट्रांसफार्मरों के बदलने की मंथर चाल पर फटकारा

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने समय-सीमा की बैठक में लंबित पत्रों और जनसुनवाई में प्राप्ती आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति सहित सीएम हेल्परलाइन की लंबित शिकायत वाले विभागों की समीक्षा की। कलेक्टर ने विद्युत विभाग द्वारा खराब एवं बिगड़े ट्रांसफार्मरों के बदलने के कार्यों की मंथर गति पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहें। कलेक्टर श्री यादव ने सीएम हेल्पेलाइन की शिकायतों में ट्रांसफार्मरों के बदलने से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री को नियमानुसार ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने खराब ट्रांसफार्मर के शिकायतों की निगरानी जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से नियमित तौर पर करने के निर्देश लोकसेवा जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा को दिए। उन्होंनने कहा कि सीएम हेल्पवलाइन में लंबित ट्रांसफार्मर बदलने की शिकायतों का निराकरण निर्धारित नियम और प्रक्रिया का पालन करते हुए सुनिश्चित किया जाये। बैठक में कलेक्टर ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत लोगों की स्क्रीतनिंग और जांच कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने शासन के निर्देश पर लागू होने वाली ई-ऑफिस प्रणाली के लिए सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शासकीय ई-मेल आईडी बनाने के निर्देश दिए और यह भी हिदायत दी की जिन विभागो द्वारा ई-मेल आईडी बनाने के कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है उन विभागों के विभाग प्रमुखों के वेतन काटने की कार्यवाही की जाये। कलेक्टर ने बैठक में सीएम मॉनिट में लंबित शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने 108 इमरजेंसी एंबुलेस सर्विस से संबंधित सीएम हेल्पलाइन में दर्ज होने वाली शिकायतों पर नाराजगी व्यहक्त करते हुए कहा कि मरीजों की सुविधा के लिए संचालित एंबुलेंस सर्विस के क्रियान्वलयन में संवेदनशीलता और गंभीरता बरती जाए।

# 40 दिन में 10 लाख टन कोयला उत्पादन की चुनौती: सोहागपुर एरिया में 66 लाख के मुकाबले अब तक 56 लाख टन कोयला उत्पादित

सोहागपुर कोयलांचल ने 2024- 25 वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य 66 लाख टन के मुकाबले लगभग 56 लाख टन किया शेष बचे यानी 10 लाख टन कोयला उत्पादन टारगेट 31 मार्च तक पूर्ण होगा। बिलासपुर सीएमडी प्रेम सागर मिश्रा के द्वारा सोहागपुर एरिया को कोयला टारगेट 2024-25 निर्धारित 66 लाख टन दिया गया था जो पूरे होने में मात्र 40 दिन शेष बचे हैं।लगभग 10 लाख टन दूर एरिया को टारगेट पूर्ण करने के लिए लगभग प्रतिदिन 25 हजार टन कोयले का उत्पादन करना होगा?लाभ की ओर अग्रसरसोहागपुर एरिया को कोयला का नया टारगेट 2024-25 बिलासपुर हेड क्वार्टर से सीएमडी प्रेम सागर मिश्रा के द्वारा निर्धारित टारगेट।
















धनपुरी।

सोहागपुर एरिया लगातार लाभ की ओर अग्रसर है पूर्व में अरबो के घाटे चल रहे एरिया को पाटते हुए लाभ की ओर बढ़ रहे है। अगर खदानों से हो रहे कोयला चोरी, डीजल चोरी, कबाड़ चोरी,बिजली चोरी, पर प्रतिबंध लग जाए तो करोड़ों का अतिरिक्त लाभ एरिया को मिल सकता है।रामपुर का कीर्तिमान इस बार पूर्व टारगेट कुछ अधिक दिया गया है वही एक ,ओर धनपुरी ओसीएम बंद होने पर धनपुरी ओसीएम को अमलाई ओसीएम में विलय कर दिया गया। सोहागपुर एरिया मेगा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा ओसीएम लगभग 30 वर्षों तक कोयला उगलने के लिए तैयार है। जो सोहागपुर एरिया की ₹सुहागर₹ कहा जाता है। रामपुर बटुरा को 15 लाख टन टारगेट कोयला निकालने को मिला था जिसे नऐ उपक्षेत्रीय प्रबंधक के द्वारा बड़े सूझबूझ के शून्य दुर्घटना के साथ समय के पहले टारगेट पूरा करने सफल होगा।टीम की कड़ी मेहनतसोहागपुर एरिया के मुख्य महाप्रबंधक वी श्री कृष्णा व सोहागपुर एरिया के विभिन्न यूनिटों के उपक्षेत्रीय प्रबंधक, खान प्रबंधकों के अथक प्रयास से वर्ष 2024-25 सोहागपुर एरिया कोयला टारगेट 66 लाख टन के एवज में फरवरी तक लगभग 56 लाख टन करने में कामयाब हुई है। तकरीबन शेष 10 लाख टन वार्षिक कोयला टारगेट 31 मार्च तक पूरा हो जाएगा। पिछले तीन वर्षों से सोहागपुर एरिया लगातार लाभ की ओर अग्रसर है अगले वर्ष 2025 सोहागपुर एरिया के सभी खदानें वार्षिक टारगेट करने में सफल होंगे राजेंद्रा भूमिगत माइंस ,दामिनी भूमिगत माइंस में सीएम मशीन लग रही है वर्ष 26 में आसानी से कोयला टारगेट करने में सफल होंगे।अमलाई ओसीएम भी करीबअमलाई ओसीएम खान प्रबंधक अल्बर्ट, के प्रयास से अमलाई ओसीएम 20 लाख टन के एवज में 15 लाख टन अधिक कोयला उत्पादन किया जा चुका है यानी निर्धारित टारगेट से चंद कदम दूर है। खान प्रबंधन



की सूझबूझ के चलते वार्षिक टारगेट के करीब अमलाई ओसीएम।महीना हिसाब काकोयला खदानों के लिए मार्च का महीना वार्षिक कोयला उत्पादन टारगेट की सीमा रेखा माना जाता है जो खदानों के लिऐ बड़ा महत्व रखता है क्योंकि पूरे माह और साल में किए गए कोयला उत्पादन की जानकारी बिलासपुर हेड ऑफिस को दी जाती है। कौन सा एरिया कितने घाटा-मुनाफा में है, कौन से माइंस के उपक्षेत्रीय प्रबंधक, खान प्रबंधक अपनी अपनी माइंसों में अपने मेहनत के बलबूते पर कंपनी को कितना लाभ या घाटा पहुंचाया इसका लेखा-जोखा होता है और उसी के हिसाब से आगे की रणनीति भी तय की जाती है। 31 मार्च यानी कोयला टारगेट सोहागपुर एरिया लाभ और हानि पर ध्यान दिया जाएगा।कौन कितने पानी में सोहागपुर एरिया के 4 ओपन कास्ट खदानो मे मेगा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा धनपुरी ओसीएम, ओसीएम, अमलाई, व शारदा ओसीएम,और 4 भूमिगत खदानों बंगवार, दामिनी, राजेंद्रा व खैरहा माइंस से सोहागपुर एरिया वार्षिक कोयला उत्पादन टारगेट पूरा करने में कौन माइंस कितने पानी में है इस आंकड़ों पर नजर डाली जाएगी। खदानों का लक्ष्यसोहागपुर एरिया को 2024-25 में 66 लाख टन कोयला उत्पादन लक्ष्य दिया गया है जिसमें मेघा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा 15 लाख टन, अमलाई ओसीएम को 20 लाख टन, शारदा ओसीएम को 8 लाख 50 हजार टन, बंगवार भूमिगत खदान को 6 लाख 50 हजार टन, खैरहा भूमिगत खदान को 8 लाख 77 हजार टन,दामिनी भूमिगत खदान को 3 लाख 26 हजार टन,राजेंद्र भूमिगत माइंस को 1 लाख 90 हजार टन दिया गया है। सबसे अधिक अमलाई ओसीएम को टारगेट दिया गया है। जिसमें सबसे पहले रामपुर बटुरा ओसीएम वार्षिक टारगेट 15 लाख टन दिया गया है। कुछ माइंस टारगेट से अधिक कोयला निकालेगा। समय पूर्व लक्ष्य भेदन खैरहा भूमिगत माइंस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 दिन पूर्व टारगेट सफलता पर झंडा गाड़ेंगे। बंगवार भूमिगत माइंस के उपक्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह, खान प्रबंधक डी आर कुर्रे वार्षिक टारगेट 6लाख 50 हजार टन मार्च माह पहले पूर्ण कर लेंगे, वही मेगा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा को 15 लाख टन कोयला टारगेट दिया गया है समय पहले टारगेट करेंगे। सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक कोयला टारगेट को पूरा करने जुट गऐ दामिनी भूमिगत माइंस खान प्रबंधक राजेश खम्परिया वार्षिक कोयला टारगेट 3 लाख 26 हजार टन एवज में टारगेट के नजदीक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा हैराजेंद्रा भूमिगत माइंस खान प्रबंधक बी बालाकृष्णा वार्षिक कोयला टारगेट 1लाख90 हजार टन पूरा करने के लिए खान प्रबंधक अपने टीम के साथ कोयला टारगेट पूरा करने में अथक प्रयास किया जा रहा हैशारदा और दामिनी, राजेंद्रा पिछड़ेसोहागपुर एरिया के दो खदाने शारदा ओसीएम, दामिनी, राजेंद्रा माइंस कोयला टारगेट करने में नाकाम होंगे, शारदा ओसीएम टारगेट 8 लाख50 हजार टन का वार्षिक कोयला टारगेट का पीछा कर रहे खान प्रबंधक जयप्रकाश महतो हर संभव प्रयास किया जा रहा है लेकिन बताया कि कोयला टारगेट पूरा करने सफल नहीं हो पाएंगे।, वही दामिनी, राजेंद्रा भूमिगत माइंस के खान प्रबंधक अथक प्रयास किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने मेले में व्यवस्था करने अधिकारियों को सौंपा दायित्व

**अनूपपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी के अवसर पर पवित्र नगरी अमरकंटक में 25 फरवरी से 01 मार्च तक वृहद महाशिवरात्रि मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की काफी संख्या में भीड़ एकत्रित होगी। जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली ने मेले में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। कलेक्टर ने वन मंडलाधिकारी अनूपपुर को मेला अवधि में यात्रियों की सुविधा हेतु जलाऊ लकड़ी, बेरीकेटिंग आदि के लिए बांस बल्ली की व्यवस्था कराए जाने, अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पराजगढ़ को कानून व्यवस्था, आवश्यकतानुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने, समस्त उच्च विश्रामगृह एवं विश्रामगृह आरक्षित कराने, निजी धर्मशालाओं एवं आश्रमों में यात्रियों को सुविधा मुहैया कराए जाने, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर को मेला अवधि में एंबुलेंस मय आवश्यक दवाइयों सहित चिकित्सक दल, उपकरण आदि उपलब्ध कराए जाने, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद अमरकंटक को मेला अवधि में समुचित साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, अस्थाई चलित शौचालय, बेरिकेटिंग एवं मेला में स्थापित होने वाले झूला एवं अन्य उपकरणों की



जांच सत्यापन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग अनूपपुर को मेला मैदान के विभिन्न स्थलों में वेरीकेटिंग कराए जाने, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग अनूपपुर को अमरकंटक स्थित पुष्कर डेम एवं अन्य डेमों की साफ-सफाई, मरम्मत, विभागीय प्रदर्शनी एवं स्टॉल की व्यवस्था, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अनूपपुर को मेला मैदान में सिंटेक्स की टंकी, पाइप लाइन, पानी टैंकरों, अस्थाई शौचालय, विभागीय प्रदर्शनी एवं स्टॉल की व्यवस्था, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अनूपपुर को यात्रियों के मनोरंजन के लिए शिक्षाप्रद एवं राष्ट्रीय फिल्मों का प्रदर्शन, प्रदर्शनी एवं स्टॉल की व्यवस्था कराए जाने का दायित्व सौंपा है।

इसी प्रकार कलेक्टर ने सहायक संचालक उद्यान अनूपपुर को विभागीय प्रदर्शनी एवं स्टॉल आदि की व्यवस्था, जिला आपूर्ति अधिकारी को विभागीय प्रदर्शनी एवं स्टॉल की व्यवस्था, परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना पुष्पराजगढ़ को क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था, विभागीय प्रदर्शनी एवं स्टॉल चलचित्र की व्यवस्था, जिला जनसंपर्क अधिकारी को मेला आयोजन के संबंध में प्रचार प्रसार, मीडिया सेंटर स्थापित करने, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग अनूपपुर को मेला स्थल एवं अन्य आवश्यक स्थल पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, विद्युत मीटर, विद्युत की निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद अमरकंटक एवं बरगवां को मेला अवधि में फायर ब्रिगेड, कचरा गाड़ी एवं चलित शौचालय उपलब्ध कराना, कमांडेंट जिला होमगार्ड कार्यालय अनूपपुर को मेला अवधि के दौरान स्नान कुंड, पुष्कर डेम, कबीर सरोवर, रामघाट आदि स्थलों पर आवश्यक तैराक एवं मधुमक्खियों से बचाव हेतु होमगार्ड उपलब्ध कराए जाने तथा अनुविभागीय अधिकारी दूरसंचार विभाग अनूपपुर को मेला अवधि के दौरान आवश्यक दूर संचार की व्यवस्था, कंट्रोल रूम के लिए पृथक से दूरसंचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पराजगढ़ उक्त मेला के नोडल अधिकारी होंगे जिनके निर्देशन में समस्त अधिकारी सौंपें गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे श्रद्धालु आज होगा शिव पार्वती विवाह





चन्नोडी

बजरंग धाम नेमुहा में में सार्वजनिक श्री राम कथा यज्ञ महोत्सव का आयोजन हनुमत धाम भक्त नेमुहा के द्वारा किया जा रहा है 26 फरवरी तक चलने वाली कथा में आज शिव पार्वती विवाह और कल राम जन्म महोत्सव का वृतांत होगा कथा नित्य अपराह्न 3 बजे से प्रारंभ होती है प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश से पधारे व्यास पीठ श्री बाल कृष्ण पांडेय जी महाराज पट्टी दिलीपपुर के मुखारविंद से ग्रामीण जन कथा श्रवण कर मंत्र मुग्ध है समिति के सदस्यों ने जनता जनार्दन,श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर कथा श्रवण करें।

## कोतमा पुलिस द्वारा अवैध पशु तस्करी के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**कोतमा।** *थाना कोतमा पुलिस को इलाका भ्रमण दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिलपुर में आम के पेड़ के नीचे कुछ बाहरी व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से मवेशियों को बांधकर रखा गया है सूचना पर मौके से कोतमा पुलिस पहुंच कर देखी तो 24 नग मवेशी भैंस पड़ा को आम के पेड़ के नीचे ग्राम सिलपुर में बांधकर रखा पाया गया जिसके कोई स्वामी मौके पर उपस्थित नहीं मिले अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उक्त 24 नग मवेशी पड़ा को बिना चारा पानी के बांध कर रखा पाया गया जिसे मौके से जप्त किया गया कुल कीमत करीबन 400000 जो अपराध धारा 11 घ, पशु क्रूरता अधिनियम, 6, 6 क, 6 ख (1) 9, 10 मध्य प्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पाए जाने पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 64/25 कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक सुंद्रेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेश अहिरवार, बृजेश पांडे, प्रधान आरक्षक प्रदीप पांडेय, आरक्षक अभय त्रिपाठी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

# ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के लिए सदस्यों की संख्या अधिसूचित

शहडोल

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने ओदश जारी किया है कि जिले के जिला योजना समिति के सदस्यों का निर्वाचन किया जाना है। इस के लिए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के लिए सदस्यों की संख्या अधिसूचित की गई है। ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में से 13, शहरी क्षेत्र में नगरपालिका के निर्वाचित सदस्यों में से 02, नगर परिषद के निर्वाचित सदस्यों में से 01 सदस्य अधिसूचित किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन कार्यक्रम के लिए जिला पंचायत ग्रामीण क्षेत्र हेतु प्रस्तावित पीठासीन अधिकारी अरविंद शाह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर, शहडोल एवं धनपुरी नगरपालिका शहरी क्षेत्र हेतु भागीरथी लहरे डिप्टी कलेक्टर, बुढ़ार, जयसिंहनगर, ब्यौहारी,खांड, बकहो नगर परिषद शहरी क्षेत्र के लिए श्रीमती ज्योति परस्ते डिप्टी कलेक्टर को नियुक्त किया है।

## दिनों दिन बढ़ता जा रहा नशे का कारोबार

**कोतमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नशे का कारोबार दिनों दिन बढ़ता जा रहा है । जिसमें महिलाओं की भूमिका भी सामने आ रही है। कोतमा पुलिस ने वार्ड 4 दर्रीटोला में अवैध रूप से शराब बिक्री करते महिला आरोपी के कब्जे से 5 लीटर शराब हाथ भट्टी महुआ वाली कीमती 750 रुपए को जप्त करते हुए आबकारी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। आरोपिया द्वारा जरीकेन में शराब छुपा कर रखा गया था।

# जोन स्तरीय प्रतियोगिताओं में, डाइट उमरिया की उपलब्धि

उमरिया

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित जोन स्तर (रीवा, सतना, शहडोल, कटनी, उमरिया एवं सीधी डाइट) की साहित्यिक एवं खेल-कूद प्रतियोगिताओं में डाइट उमरिया का बेहतर प्रदर्शन रहा। विदित हो कि राज्य शिक्षा केंद्र विगत वर्षों से साहित्यिक- तात्कालिक भाषण, वाद-विवाद, निबंध लेखन, कहानी वाचन, व्यंग्य लेखन, कविता लेखन,लघुकथा लेखन, चित्रकला एवं खेल-कूद- शतरंज, कैरम, कबड्डी, बेडमिन्टन, भाला फेक, गोला फेक, दौढ़, लम्बी कूद, ऊँची कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन डाइट स्तर, जोन स्तर एवं राज्य स्तर पर आयोजित कराता है। डाइट स्तर उमरिया में जो छात्राध्यापक प्रथम स्थान पर रहें, उन्हें जोन स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर मिला। जोन स्तर में डाइट उमरिया के छात्राध्यापकों ने खेल कैरम में सपना विश्वकर्मा प्रथम स्थान, भाला फेक में युवराज सिंह चौहान प्रथम स्थान, अनीता बैगा तृतीय स्थान, दौढ़ 100 मी. में रावेन्द्र कुमार साहू द्वितीय स्थान, प्रिया कुशवाहा तृतीय स्थान, 200 मी. में प्रिया कुशवाहा द्वितीय, रावेन्द्र कुमार साहू तृतीय स्थान, 400 मी. में. शिवानी कोल प्रथम स्थान, अश्वनी मिश्रा तृतीय स्थान, एवं दौढ़ 800 मी. में अजय साहू प्रथम स्थान, प्रिया कुशवाहा तृतीय स्थान, गोला फेक रानी बैगा तृतीय स्थान में रहे. साहित्यिक तात्कालिक भाषण में दीपाली कचेर द्वितीय स्थान, प्रहलाद सिंह तृतीय स्थान, निबंध लेखन में कुमकुम सोनी द्वितीय स्थान, वाद विवाद पक्ष में दीपाली कचेर द्वितीय स्थान, जयभान सिंह विपक्ष में तृतीय स्थान, लघुकथा लेखन में शिवानन्द पटेल तृतीय स्थान, अनामिका शर्मा तृतीय स्थान, व्यंग लेखन में शिवानन्द पटेल तृतीय स्थान पर रहें।

जोन स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता की तैयारी में है, और वे मार्च माह में आयोजित होने वाले राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए डाइट ग्वालियर अथवा जबलपुर में प्रतिभाग करेंगे। छात्राध्यापकों की साहित्यिक एवं खेल-कूद डाइट स्तर, जोन स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी एवं प्रतिभाग में डाइट प्राचार्य अनिल कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ व्याख्याता श्री प्रकाशचन्द्र भट्ट, डॉ. बृजेश शर्मा, सुशील मिश्रा, श्रीमती रश्मि भट्ट, बल्लाराम गुर्जर, हलधर प्रसाद, गोकरण शुक्ला, सुश्री बिभुसिता साहू, जयभान सिंह, सोने सिंह, फूलचंद बैगा, रावेन्द्र कुमार साहू एवं प्रदीप यादव का विशेष योगदान रहा।

# गोबर कंपोस्ट एवं केंचुआ खाद निर्माण का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी के तत्वावधान में स्व सहायता समूह की महिलाओं को विकासखंड बहोरीबंद के लखनवारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम लिंगरी के सामुदायिक भवन में ग्राम लखनवारा लिंगरी एवं डुंगरहाई की महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संस्था प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान ग्राम में उपलब्ध कचरा गोबर से कम लागत तकनीकी के द्वारा गोबर कंपोस्ट एवं केंचुआ खाद निर्माण करने तथा फसलों में उपयोग करने की जानकारी दी गई। बिना गोबर कंपोस्ट बनाएं अधसड़ा गोबर खेत में डालने से नींदा एवं दीमक में वृद्धि तथा पोषक तत्वों की कमी से फसल उत्पादन कम होता है। चार माह में तैयार होने वाली गोबर कंपोस्ट को 20 से 25 टन प्रति हेक्टर उपयोग करने की सामान्य एवं इंदौर विधि की तकनीकी जानकारी का प्रशिक्षण दिया गया।

केंचुआ खाद बनाने के लिए आइसीनिया फोटिडा केंचुआ कचरा गोबर को 30 से 45 दिन में खाद बना देते हैं। प्रति एकड़ 8 से 10 क्विंटल केंचुआ खाद का उपयोग करते हैं जिसमें सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं। केंचुआ खाद के उपयोग से भूमि की गुणवत्ता में सुधार, जल धारण क्षमता में वृद्धि तथा कीट एवं रोग कम लगते हैं। फलों सब्जियों एवं अनाजों का उत्पादन बढ़ जाता है पौष्टिक स्वाद रंग एवं आकार अच्छा हो जाता है। विभिन्न साग सब्जियों की उन्नत कृषि कार्य माला की तकनीकी जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत सब्जियों की किस्म बोने या लगाने का समय बीज मात्रा प्रति हेक्टर बोने या लगाने की विधि बोने का अंतर कतार से कतार एवं पौधा से पौधा की दूरी प्रथम तुड़ाई का समय एवं उपज क्विंटल प्रति हेक्टेयर की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के समय संस्था के कर्मचारी अनुपम पांडे सरपंच सुखचौन बाई, राजू राजपाल तथा प्रशिक्षार्थी कुंती बाई, पुष्पा एवं दुर्गा काछी, मंजू राजपाल, फूलबाई ठाकुर एवं समूह की महिलाएं उपस्थित रही।



## खबर संक्षेप



### फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण के फलस्वरूप कुछ गाडियों का परिचालन रहेगा प्रभावित

**अनूपपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जलवारा-नई कटनी स्टेशनों के बीच फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप 22 फरवरी को कुछ गाड़ियो का परिचालन प्रभावित रहेगा।

**रद्द होने वाली गाड़ी** - 01. 22 फरवरी को चिरमिरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 58221 चिरमिरी-चंदिया पैसेंजर रद्द रहेगी। 02. 22 फरवरी को चंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 58222 चंदिया-चिरमिरी पैसेंजर रद्द रहेगी।

**देर से रवाना होने वाली गाड़ी-** 01. 22 फरवरी को 68747/68748 बिलासपुर-कटनी-बिलासपुर मेमू पैसेंजर 04.00 घंटे देरी से रवाना होगी। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए ऐसे विकास कार्यों के लिए सहयोग की आशा करती है ।

**परिचालनीक कारणो से सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन रद्द रहेगी-** परिचालनीक कारणो से गाड़ी संख्या 15160/15159 दुर्ग छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन रद्द रहेगी। दिनांक 19, 20 एवं 21 फरवरी को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस एवं दिनांक 21, 22 एवं 23 फरवरी को छपरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 15159 छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### जिपं. सीईओ ने जनसुनवाई में सुनी आवेदकों की समस्याएं



**अनूपपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 72 आवेदन प्राप्त हुए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक की समस्याओं को धैर्यतापूर्वक सुना और उन्हें आवेदन के शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में तहसील जैतहरी के ग्राम लहरपुर निवासी धनराज भैना ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, तहसील जैतहरी के ग्राम सिवनी निवासी भगवानदीन राठौर ने पेड़ों की अवैध रूप से कटाई व बिक्री की जांच एवं कार्यवाही के संबंध में, तहसील जैतहरी के ग्राम लहसुना निवासी उपेन्द्र सिंह ने विद्युत कनेक्शन कराए जाने के संबंध में, अनूपपुर निवासी जलेबिया बाई कोल ने संबल कार्ड के तहत सहायता राशि प्रदान करने, नगर परिषद बिजुरी के वार्ड क्रमांक 7 निवासी शिव प्रसाद बसोर ने धारणाधिकार योजना का लाभ दिलाए जाने, वार्ड नंबर 13 जैतहरी निवासी बेलाबाई चौधरी ने दुकान जल जाने के कारण आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

## वरिष्ठता नियमों की अनदेखी पर सरकार की चुप्पी

# शिक्षा विभाग में पारदर्शिता पर उठे सवाल

**अनूपपुर।**

अनूपपुर जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2024-25 के लिए केंद्र अध्यक्ष और सहायक केंद्र अध्यक्षों की नियुक्ति में शासन के स्पष्ट दिशा-निर्देशों की अनदेखी शिक्षकों में नाराजगी और असंतोष का कारण बन गई है। मध्य प्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वरिष्ठता क्रम के आधार पर नियुक्तियाँ किए जाने के सख्त निर्देश थे, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी अनूपपुर द्वारा जारी सूची में इन नियमों का पूरी तरह उल्लंघन किया गया। इस नियुक्ति प्रक्रिया में वरिष्ठ शिक्षकों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि शासन के आदेश के अनुसार पहले प्राचार्यों, फिर व्याख्याताओं, और उसके बाद उच्च माध्यमिक शिक्षकों को केंद्र अध्यक्ष नियुक्त किया जाना था। इसके बावजूद, जिन शिक्षकों को 2011, 2012, 2013 और 2014 में माध्यमिक शिक्षक को उच्च माध्यमिक शिक्षक मान लिया गया। पदोन्नति मिली थी, उन्हें उन शिक्षकों से अधिक वरिष्ठ मान लिया गया, जो 2006, 2007 और 2008 में उच्च माध्यमिक शिक्षक बने थे।




यह स्पष्ट रूप से शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है और यह सवाल खड़ा करता है कि क्या इन नियुक्तियों में योग्यता और वरिष्ठता के बजाय किसी अन्य आधार पर चयन किया गया है। शिक्षकों के अनुसार, मध्य प्रदेश शासन द्वारा 12 दिसंबर 2024 को जारी पत्र क्रमांक 778/1773/270/203 में यह स्पष्ट किया गया था कि वरिष्ठतम शिक्षकों को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस निर्देश के बावजूद, जिस तरह से इस चयन प्रक्रिया को अंजाम दिया गया, वह पूरी तरह मनमानी और पारदर्शिता की कमी को दर्शाता है। अगर शासन के निर्देशों को नजरअंदाज किया जा सकता है, तो यह शिक्षकों की मेहनत और उनके अधिकारों का खुला उल्लंघन है। इस तरह की मनमानी न केवल वरिष्ठ शिक्षकों के साथ अन्याय है, बल्कि यह पूरे शिक्षा तंत्र की निष्पक्षता और ईमानदारी पर भी गंभीर सवाल उठाती है। जब एक स्पष्ट चयन प्रक्रिया पहले से निर्धारित थी, तो उसे दरकिनार कर कम अनुभव वाले शिक्षकों को नियुक्त करने के पीछे कौन से कारण थे। क्या यह चयन प्रक्रिया किसी दबाव में की गई। क्या इसमें किसी प्रकार का भ्रष्टाचार हुआ। ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को देना होगा इस निर्णय के खिलाफ शिक्षकों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि सरकार वरिष्ठता सूची के अनुसार नियुक्तियाँ नहीं करती, तो वे उच्च स्तरीय जांच और कानूनी कार्रवाई की माँग करेंगे।

यह फैसला उन शिक्षकों के अधिकारों को छीनने जैसा है, जिन्होंने वर्षों की मेहनत और सेवा के बाद अपनी वरिष्ठता अर्जित की थी। यदि इस तरह की मनमानी को नजरअंदाज किया गया, तो भविष्य में भी नियमों को ताक पर रखकर नियुक्तियाँ की जाएंगी और इससे योग्य शिक्षकों के साथ अन्याय होता रहेगा शिक्षकों की माँग है कि इस चयन प्रक्रिया की तुरंत जाँच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। वे चाहते हैं कि सरकार इस मुद्दे पर संज्ञान ले और यह सुनिश्चित करे कि आगे से नियुक्तियाँ पूरी पारदर्शिता और नियमों के तहत की जाएँ। यदि सरकार ने जल्द ही इस मामले में दखल नहीं दिया, तो शिक्षक आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं और जरूरत पड़ने पर वे न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाएँगे है। सरकार की चुप्पी इस विवाद को और गहरा रही है और इससे शिक्षकों का असंतोष बढ़ता जा रहा है। सवाल यह है कि क्या शासन अपने ही बनाए नियमों का पालन करवाने में सक्षम है, या फिर यह मामला भी अन्य प्रशासनिक अनियमितताओं की तरह दबा दिया जाएगा। अब देखना यह है कि सरकार इस अन्याय को सुधारने के लिए क्या कदम उठाती है, या फिर यह शिक्षकों के हितों को नजरअंदाज करने का एक और उदाहरण बनकर रह जाएगा।



# कुत्तों के हमले से नर चीतल की मौत

### पीएम के बाद सम्मान के साथ किया गया दाह संस्कार

**अनूपपुर।** जिले के राजेंद्रग्राम वन परिक्षेत्र अंतर्गत पटना बीट के जंगल में सोमवार की दोपहर आवारा कुत्तों के द्वारा 3 वर्ष उम्र के नर चीतल पर हमला कर गंभीर रूप से घायल किए जाने पर घटना स्थल पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी पर अधिकारी/कर्मचारी मौके पर पहुंचकर शाकाहारी वन्यप्राणी नर चीतल के शव को अपनी अभिरक्षा में लेते हुए वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर राजेंद्रग्राम लाकर पशु चिकित्सक लोकेश मोहवे, डॉक्टर रितु तिवारी, परिक्षेत्र सहायक बेनिवारी सत्यदेव सिंह, वन्यजीव संरक्षण अनूपपुर शशिधर अग्रवाल, वनरक्षक बीट पटना नागेंद्र सोनी, बीट करौंदी वनरक्षक प्रकाश शेखर परतेती, पटवारी हल्का लखौरा शेष नारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद मरावी की उपस्थिति एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मृत चीतल के शव का पंचनामा कर शव परीक्षण कराने बाद पूरे सम्मान से कफन, फूलमाला, अगरबत्ती अर्पित करते हुए अंतिम संस्कार किया गया। आवारा कुत्तों द्वारा बीट पटना के कक्ष क्रमांक पीएफ 184 के जंगल में यह चीतल विचरण कर रहा था के दौरान घेर कर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया रहा है।

### अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा को उच्च न्यायालय ने जारी किया अवमानना का नोटिस

**अनूपपुर।**

अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा को उच्च न्यायालय ने जारी किया नोटिस क्यों न आपके विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही प्रारंभ की जाए। मामला शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में पदस्थ लैब टेक्नीशियन सुरेन्द्र कुमार तिवारी के समयमान वेतनमान और क्रमोन्नति से जुड़ा हुआ है, सेवानिवृत के कुछ वर्ष शेष होने पर श्री तिवारी ने अपने सेवाकाल के लाभों का निवेदन कई बार वरिष्ठ अधिकारी एवं विभाग से किया परन्तु विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर श्री तिवारी ने उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका प्रस्तुत की थी।

## रेल मंत्रालय द्वारा लोगों की मांगों को किया जा रहा नजरअंदाज

# कोयलांचल के साथ रेलवे विभाग कर रहा सौतेला व्यवहार




**कोतमा।**

कोतमा क्षेत्र कोयलांचल क्षेत्र होने के साथ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और यहां के लोगों को इलाज के लिए एवं व्यापारिक कार्य के लिए आए दिन बाहर आना जाना पड़ता है लेकिन रेलवे के द्वारा इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। वर्तमान में अंबिकापुर निजामुद्दीन ट्रेन चलाई जा रही है जिसका स्टॉपेज कोतमा में नहीं दिया गया है। जिसके कारण लोगों को देश की राजधानी दिल्ली आने-जाने के लिए अनूपपुर जाना पड़ता है साथ ही वर्तमान में रेलवे के द्वारा एक नई इंटरसिटी ट्रेन अंबिकापुर से दुर्ग तक चलाई जाने की घोषणा की है जिसका भी स्टॉपेज कोतमा में नहीं दिया गया है। जिसके कारण यहां के नागरिक अपने क्षेत्र के सांसद एवं विधायक को कोसते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं रेलवे के द्वारा नागपुर तक की सीधी ट्रेन की सुविधा भी नहीं प्रदान की जा रही है जबकि यहां के लोग आए दिन नागपुर तक सीधी ट्रेन चलाई जाने की मांग कर रहे हैं। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहां स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है और लोगों को इलाज के लिए आए दिन नागपुर तक जाना पड़ता है लेकिन सीधी ट्रेन नहीं होने के कारण लोगों को परेशान होना पड़ता है। रेल मंत्रालय के द्वारा यहां के लोगों की मांगों को नजर अंदाज किया जा रहा है।

नागरिकों ने बताया कि अम्बिकापुर एवं चिरमिरी से एक मात्र सवारी गाड़ी अम्बिकापुर-दुर्ग के मध्य विगत 20 वर्षों से चल रही है, इसी तरह चिरमिरी-बिलासपुर के मध्य एक साधारण सवारी गाड़ी आदिवासी बाहुल्य पिछडे क्षेत्र में आबादी का विस्तार भी हुआ है, इस अंचल के लोगो को रायपुर व्यापारीरिक कार्यो, अन्य आवश्यक कार्यों, व्यवसायिक प्रयोजन से रायपुर में आवागमन के साथ एवं चिकित्सीय सुविधाओं व व्यापारिक कार्यो के वजह से बिलासपुर-रायपुर- नागपुर आना-जाना बना रहता है, इसलिए बिलासपुर जोनल मुख्यालय द्वारा ट्रेन अविलम्ब प्रारंभ कराया जाये। अम्बिकापुर से नागपुर के मध्य एक दुतगामी एक्सप्रेस ट्रेन नियमित रूप से चलाई जावे, वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अम्बिकापुर से दुर्ग के मध्य चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का एक अतिरिक्त रैंक की व्यवस्था कर विस्तार नागपुर, इतवारी तक किया जाये, गोंदिया-बरौनी का विस्तार नागपुर, इतवारी तक किया जाये, अम्बिकापुर से जबलपुर के मध्य चल रही इन्टर सिटी एक्सप्रेस का विस्तार वाया गोंदीया होकर नागपुर तक के लिए किया जाये, नागपुर से शहडोल के मध्य चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार एक अतिरिक्त रैक की व्यवस्था के साथ अम्बिकापुर तक किया जाये। अम्बिकापुर से निजामुद्दीन के मध्य चल रही साप्ताहिक सुपर फास्ट एक्सप्रेस को नियमित रूप से चलाया जाये एवं कोतमा में स्टापेज दिया जावें। अम्बिकापुर से प्रयागराज, वाराणसी अयोध्या के लिय भी ट्रेन शीघ्र प्रारंभ कराया जाये। नागरिकों ने मांग की है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोनल मुख्यालय बिलासपुर (छ.ग.) के कोतमा रेल्वे स्टेशन जो मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तरी छोर में स्थित आदिवासी बाहुल्य पिछडा क्षेत्र है, अंचल में रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग लगातार स्थानीय व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा निरन्तर की जा रही है, उसी तारतम्य में इस आदिवासी बाहुल्य पिछड़े क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार की नितान्त आवश्यकता हैं।

### किया गया पत्राचार -मंत्री दिलीप जायसवाल



कोतमा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल ने रेलमंत्री को पत्राचार करते हुए अम्बिकापुर निजामुद्दीन सुपरफास्ट ट्रेन का स्टॉपेज कोतमा में किये जाने एवं आगामी दिनों से प्रारंभ होने वाली दुर्ग अम्बिकापुर इंटरसिटी ट्रेन का भी स्टापेज कोतमा स्टेशन में किया जाये। जिससे विधानसभा क्षेत्र के लोगों को निजामुद्दीन एवं दुर्ग तक सीधी ट्रेन की सुविधा मिल सके।

### क्षेत्र के साथ किया जा रहा सौतेला व्यवहार-अख्तर हुसैन बोहरा



नगर विकास समिति के अध्यक्ष अख्तर हुसैन बोहरा का कहना है कि बिलासपुर रेलवे जोन के द्वारा हमारे क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। अम्बिकापुर निजामुद्दीन सुपरफास्ट ट्रेन का स्टॉपेज कोतमा में नहीं दिया गया है। साथ ही नागपुर तक सीधी ट्रेन चलायें जाने की मांग नागरिकों के द्वारा लंबे समय से की जा रही है। इस क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए नागपुर तक आये दिन आना-जाना करना पड़ता है। हमारे द्वारा रेल मंत्रालय को पत्राचार किया जायेगा जिससे क्षेत्र के लोगों को निजामुद्दीन एवं नागपुर तक सीधी ट्रेन की सुविधा मुहैया हो सके। व्यवसाय के सामान खरीददारी करने यहां के व्यापारियों को देश की राजधानी दिल्ली जाना पड़ता है।

### इलाज के लिए आए दिन जाना पड़ता है नागपुर-देवशरण सिंह



समाजसेवी देवशरण सिंह का कहना है कि हमारा क्षेत्र कोयलांचल क्षेत्र होने के साथ ही आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है साथ ही कोयलांचल क्षेत्र से रेलवे प्रशासन को राजस्व का लाभ भी प्राप्त होता है उसके बाद भी इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है यहां के लोगों को इलाज के लिए आए दिन नागपुर तक जाना पड़ता है लेकिन सीधी ट्रेन नहीं होने के कारण लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ ही समय भी बर्बाद होता है इस क्षेत्र के लोग लंबे अरसे से नागपुर तक सीधी ट्रेन चलाई जान की माग करते आ रहे हैं। रेलवे के द्वारा अंबिकापुर से निजामुद्दीन तक सीधी सुपरफास्ट ट्रेन की सुविधा दी गई है लेकिन उसे ट्रेन का स्टॉपेज कोतमा में नहीं होने के कारण लोगों को देश की राजधानी आने-जाने के लिए 40 किलोमीटर दूर अनूपपुर जाना पड़ता है तब उन्हें वहां से ट्रेन मिलती है। रेल प्रबंधन को जल्दी इस क्षेत्र के लोगों को नागपुर तक सीधी ट्रेन एवं अंबिकापुर निजामुद्दीन ट्रेन का स्टॉपेज कोतमा में दिलाए जाने की मांग की है।

### लोगों को करना पड़ता है परेशानी का सामना-राजेश जैन



दवा विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष राजेश जैन का कहना है कि रेल प्रबंधन के द्वारा इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है यह क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है और स्वास्थ्य की पर्याप्त सुविधा नहीं होने के कारण क्षेत्र के गरीब मध्यम वर्ग के लोगों को इलाज के लिए नागपुर जाना पड़ता है लेकिन सीधी ट्रेन की सुविधा नहीं होने के कारण इस क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अंबिकापुर निजामुद्दीन ट्रेन का स्टॉपेज भी कोतमा में नहीं दिया गया है इससे यह सब जाहिर होता है कि रेल प्रबंधन के द्वारा इस क्षेत्र के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। संसद के द्वारा भी इस क्षेत्र के लोगों की मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि नागपुर तक सीधी ट्रेन नितांत थी इस क्षेत्र के लोगों की आवश्यकता है।

## जिले में दूसरे दिन गिद्धों की गणना जारी

# दो दिनों में 845 गिद्ध एवं 203 मिले गिद्धों के घोंसला

**अनूपपुर।**

मध्यप्रदेश के वनविभाग के निर्देशानुसार पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी अनूपपुर वनमंडल अंतर्गत सभी सात वन परिक्षेत्रों में 17-18 एवं 19 फरवरी को तीन दिवसीय विलुप्त होते गिद्धों के संरक्षण हेतु गिद्धों की गणना का कार्य किया जा रहा है जिसमें अहिरगवां वन परिक्षेत्र के कठौतिया पूर्व, कठौतिया पश्चिम एवं जुगवारी बीटों, अनूपपुर वन परिक्षेत्र के बड़हर, किरर एवं औढेरा बीट के जंगलों में दो प्रकार के भारतीय एवं सफेद प्रजाति के गिद्ध जो विभिन्न प्रकार के पेड़ों तथा चट्टानों में घोंसला बनाकर निवास कर रहे हैं मिले हैं। गिद्धों की गणना में वनविभाग के वन परिक्षेत्राधिकारी, परिक्षेत्र सहायक, वनपाल, वनरक्षकों के साथ सुरक्षाश्रमिकों एवं स्थानीय जनों का सहयोग लिया जा रहा है। गिद्धों की गणना सूर्योदय होते ही सुबह 6 बजे से गिद्धों के घोषला या चट्टानों में बनाए गए रहवास क्षेत्र से ऊर्जा प्राप्त करने के उद्देश्य से निकल कर सूर्य की रोशनी से ऊर्जा प्राप्त करते बैठे समय ही गणना की जा रही है। विगत वर्षों से ज्यादा संख्या में दो दिनों की गणना में गिद्ध प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिले हैं दोनों दिनों के मध्य वन परिक्षेत्र अनूपपुर के बडहर बीट में भारतीय एवं सफेद गिद्ध 17 फरवरी को 28 भारतीय गिद्ध एवं 2 सफेद गिद्ध के साथ 9 अवयस्क गिद्धों के साथ 37 गिद्ध प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिले रहे जबकि 12 घोसला चट्टानों/पेडों में देखने को मिले 18 फरवरी को 35 वयस्क एवं 13



अवयस्क कुल 48 गिद्धों के साथ 14 घोसला चट्टानों में देखने को मिले जबकि किरर बीट में 17 फरवरी को 13 वयस्क एवं 3 अवयस्क भारतीय प्रजाति के गिद्ध तथा 6 घोसला चट्टानों में मिले वहीं 18 फरवरी को 13 वयस्क 2 अवयस्क कुल 15 गिद्धों के साथ 6 गिद्धों के आवास चट्टान में होना पाया गया इसी तरह औढेंरा बीट के जंगल में 17 फरवरी को 7 वयस्क गिद्ध दिखे जबकि 3 चट्टानों में घोंसला मिले 18 फरवरी को 9 वयस्क 1 अवश्यक योग 10 एवं साथ 6 घोषला चट्टानों में गिद्धों के प्राप्त हुए इसी तरह वन परिक्षेत्र अहिरगवां के कठौतिया पूर्व,कठौतिया पश्चिम एवं जुगवारी बीट के जंगल में 17 फरवरी को 273 वयस्क गिद्धों के साथ 64 अवयश्क गिद्ध कुल 337 गिद्ध दिखाई दिए जबकि चट्टान एवं पेड़ों में 74 घोंसला देखने को मिले 18 फरवरी को तीनों बीटों में फिर से गणना दौरान 277 वयस्क 73 अवयस्क योग 350 गिद्ध प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिले जबकि चट्टानों एवं पेड़ों में 79 गिद्धों की रहवास क्षेत्र घोसला के रूप में मिले हैं कल 19 फरवरी को पुनः सुबह से गिद्धों की गणना की जाएगी इसके बाद तीनों दिनों में प्राप्त गिद्धों की संख्या एवं उनके रहवास क्षेत्र का अनुपात के तौर पर संख्या एवं रहवास क्षेत्रों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी गिद्धों की गणना अनूपपर वन मंडल के सभी सात वन परिक्षेत्र के सभी वन बीटो में सघन तौर पर किया जा रहा है जबकि वन परिक्षेत्र अहिरगवां में पूर्व वर्षों की तरह अधिक संख्या में तथा अनूपपुर वन पर क्षेत्र में भी पूर्व की तरह अधिक संख्या में गिद्धों की उपस्थित मिल रही है अन्य पांच वन परिक्षेत्र राजेंद्रग्राम, अमरकंटक, जैतहरी कोतमा एवं बिजुरी में सघन गणना कार्यक्रम दौरान गिद्धो की उपस्थिति नहीं मिली है।

## कोतमा पुलिस ने तीन शातिर चोरों को दबोचा

### बुढार से आकर कोतमा क्षेत्र में करते थे चोरी



**कोतमा।**

कोतमा पुलिस ने शहडोल जिले के 3 शातिर चोरों को पकड़ने में सफलता पाई है। आरोपियों के कब्जे से चुराए गए नगदी रुपए सहित चोरी में उपयोग करने वाले छेनी, हथौड़ी व अन्य औजार भी जप्त किया गया है। घटना के बारे में विवेचक सहायक उपनिरीक्षक बृजेश पांडे ने बताया कि सेमरिया गांव में मुर्गे की दुकान का संचालन करने वाले मो असीम अली की दुकान में रात में चोरी की वारदात की गई जिसमें चोरों ने दीवाल में सेंधमारी करते हुए 8000 रुपए नगद सहित दुकान में रखे कुछ मुर्गा भी चोरी कर ले गए। शिकायत पर धारा 331(1), 305ए का मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान आरोपी शीतल अगरिया 19 वर्ष पिता लालू अगरिया, सुंदरलाल यादव 22 वर्ष एवं अजीत पवार 21 वर्ष सभी निवासी रजबांध थाना बुढार जिला शहडोल के चोरी के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिले जिन्हें गिरफ्तार कर पूछताक्ष में दुकान से चोरी किया गया 2 हजार नगदी रुपए व चोरी में उपयोग किए गए औजार जप्त किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा सेंधमारी कर चोरी की वारदात की गई जो शातिर प्रवृति के है। सभी आरोपियों को मेडिकल व गिरफ्तारी कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया।



# नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु समीक्षा बैठक सम्पन्न

**अनूपपुर।**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पी0सी0 गुप्ता की अध्यक्षता में जिला अधिवक्ता बार संघ के समस्त अधिवक्तागण के साथ दिनांक 08 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु, जिला अधिवक्ता बार संघ के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी0सी गुप्ता ने अपने संबोधन के माध्यम से यह आवाह्न किया कि, लोक अदालत में मामलों का निराकरण आपसी सुलह व समझौते के माध्यम से करना एक समाज सेवा का कार्य है। उन्होंने जिला अधिवक्ता संघ से, आंतरिक रुचि एवं मन में संवेदना रखकर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अपने पक्षकारों के प्रकरणों का निराकरण करने की अपील की है।

इसी दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनोज कुमार लढ़या ने लोक अदालत के लाभ बताते हुए कहा की लोक अदालत में दोनों पक्षकार की सहमति से मामले का निराकरण किया जाता है। उन्होंने कहा झुकता वही है, जिसमें जान होती है। अकड़ मुर्दे की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि मामले का निराकरण करने के लिए हमें मध्यस्थता का उपयोग करना चाहिए।

बैठक में उपस्थित द्वितीय जिला न्यायाधीश नरेंद्र पटेल द्वारा अधिवक्ता संघ से यह अपील की, कि वह अपने पक्षकारों के साथ अधिक से अधिक संख्या में प्रीसिटिंग बैठकों का आयोजन करें। तथा पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत के लाभ से अवगत करावें, ताकि पक्षकार नेशनल लोक अदालत का लाभ उठा सके। बैठक में उपस्थित प्रथम जिला न्यायाधीश पंकज जायसवाल ने कहा की नेशनल लोक अदालत एक माध्यम है, जिससे पक्षकार को त्वरित और सुलभ न्याय प्राप्त होता है। इस दौरान बैठक में मनोज कुमार लढ़यिा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, नरेन्द्र पटेल द्वितीय जिला न्यायाधीश/संयोजक नेशनल लोक अदालत, पंकज जायसवाल प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती चैनवती ताराम मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सुश्री अंजली शाह न्यायिक मजिस्टेज्ट, श्रीमती पारूल जैन न्यायिक मजिस्टेज्ट, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, अधिवक्ता बार संघ अनूपपरु के अध्यक्ष संतोष सिंह परिहार, अधिवक्ता बार के सचिव राम कुमार राठौर, शासकीय अभिभाषक पुष्पेन्द्र मिश्रा एवं अधिवक्ता बार संघ के समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे।